उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

पत्रांक– 1414 /421(2021) /अधियाचन /2021–22 दिनांक 19/08/2021

प्रेस विज्ञप्ति

यू ट्यूब चैनल wifistudy91 पर एक फर्जी वायरल ऑडियो "चयन बोर्ड के कार्यालय पर एस0टी0एफ0 का छापा अधिकारी और दलाल पकड़े गये कार्यालय में भरते ओ0एम0आर0 शीट" अपलोड किया गया है। इस ऑडियो के माध्यम से किसी ने चयन बोर्ड की छवि को खराब करने के लिए फर्जी समाचार वायरल किया है। वायरलकर्ता द्वारा सोशल मीडिया का दुरूपयोग करके बिना किसी आधार के गलत सूचना सम्प्रेषित कर समाज में भ्रम फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया है।

चयन बोर्ड द्वारा उक्त तथाकथित वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जॉच की गयी और यह पाया गया कि वायरल ऑडियो में कही गयी बातें अनर्गल एवं तथ्यहीन है। चयन बोर्ड पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ अपना कार्य कर रहा है इसमे खलल डालने का प्रयास उक्त वायरल ऑडियो द्वारा किया गया है।

ऑडियो बिना किसी आधार व तथ्य को जाने समाज में भ्रम फैलाने, चयन बोर्ड एवं शासन की छबि को खराब करने के लिए वायरल किया गया है। इस सन्दर्भ में प्राथमिकी दर्ज कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु मामला सन्दर्भित कर दिया गया है।

सभी, सम्बन्धित अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि इस प्रकार के मनगढन्त एवं अनर्गल दुष्प्रचार वाले ऑडियो के प्रभाव में न आए।

19-08-2021
(नवल किशोर)
उपसचिव/ परीक्षा नियन्त्रक
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।